दिन– मंगलवार

दिनांक– 24 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद देश में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है।

02 सीबीआई ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस सहित आठ लोगों पर भ्रष्टाचार के मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज की।

03. प्रयागराज के चंदापुर गांव स्थित एक कोल्ड स्टोरेज का अगला हिस्सा ढह जाने से सहरसा के तीन मजदूरों समेत चार लोगों की मौत। बिहार के तेरह मजदूर घायल।

04. और, महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद देश में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है। श्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष पर अपने बयान में कहा कि पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

———साउंड बाईट———

आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का स्ट्रैटेजिक पैट्रोलियम रिजर्व है और 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक के रिजर्व की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है। बीते 11 वर्षों में हमारी रिफायनिंग कैपेसिटी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकार अलग–अलग देशों के सप्लायर के साथ भी लगातार संपर्क में है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था की है ताकि वैश्विक संकटों का बोझ किसानों पर न पड़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सभी एजेंसियों, चाहे वह तटीय सुरक्षा हो, सीमा सुरक्षा हो, साइबर सुरक्षा हो या रणनीतिक प्रतिष्ठान हों सभी को सतर्क रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संघर्ष का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है। इधर, प्रधानमंत्री आज राज्यसभा में दोपहर दो बजे पश्चिम एशिया में जारी संकट पर वक्तव्य देंगे।

———————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि प्रदेश में पिछले दिनों आंधी–बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुई क्षति का आकलन करवाया जा रहा है। वैशाली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सात से आठ जिलों में फसल बर्बाद होने की सूचना मिली है। श्री यादव ने कहा कि किसानों को नियमानुसार फसल क्षति का मुआवजा दिया जायेगा।

———साउंड बाईट———

————————————————————————————

दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने पिछले दिनों दरभंगा सहित उत्तर बिहार में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुये नुकसान की भरपाई की मांग लोकसभा में उठायी। श्री ठाकुर ने प्रभावित किसानों के लिए केन्द्र सरकार से उचित मुआवजे की मांग की।

———साउंड बाईट———

इधर, राज्यसभा में सांसद डॉक्टर भीम सिंह ने नाई जाति के विकास के लिए केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय केश कला बोर्ड के गठन की मांग की।

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने पटना में इंडियन इंस्टीट्च्यूट ऑफ पैकेजिंग के एक्सटेंशन सेंटर को स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल से राज्य में पैकेजिंग उद्योग, निर्यात गतिविधियों और स्टार्टअप इको सिस्टम को नई गति मिलेगी।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत आज कैमूर और रोहतास जिले का दौरा करेंगे। श्री कुमार कैमूर जिले में सैंतीस करोड़ रूपये लागत वाली तैंतालीस योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे एक सौ बासठ करोड़ रूपये की लागत से एक सौ इकसठ योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वहीं, रोहतास में मुख्यमंत्री तीन सौ इक्कीस करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ उनतीस योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ उनसठ करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ उनासी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार दोनों जिले में चल रही विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही उनका जनसंवाद का भी कार्यक्रम है।

————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार की नई सरकार के स्वरूप को लेकर एनडीए के सभी दलों के बीच सहमति बन गयी है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इसकी औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी।

———साउंड बाईट———

————————————————————————————

सीबीआई ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस सहित आठ लोगों पर भ्रष्टाचार के मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। संजीव हंस पर तत्कालीन केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मंत्री के निजी सचिव रहते भ्रष्टाचार का आरोप है। उन पर एक बिल्डर को लाभ पहुंचाने के लिए एक करोड़ रूपये घूस लेने का आरोप है। सीबीआई की दिल्ली इकाई ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

———————————————————————

प्रयागराज के फाफामऊ के चंदापुर गांव स्थित एक कोल्ड स्टोरेज का अगला हिस्सा ढह जाने से सहरसा के तीन मजदूरों समेत चार लोगों की मौत हो गयी। वहीं, हादसे में चौदह घायल हो गये। इनमें से तेरह बिहार के हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अचानक तेज धमाके के साथ कोल्ड स्टोरेज का एक हिस्सा भरभराकर ढह गया। हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गहरा दुख जताते हुये मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है।

———————————————————————

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

———बाईट———

चार दिवसीय इस पर्व के अंतिम दिन कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही इस महापर्व का समापन हो जायेगा। इससे पूर्व चार दिवसीय महानुष्ठान के दूसरे दिन कल व्रतियों ने भगवान भास्कर को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला निराहार व्रत शुरू हो गया जो पर्व के समापन तक जारी रहेगा। छठ को लेकर पूरे प्रदेश का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। जगह–जगह मठ–मंदिरों की सजावट की गयी है। श्रद्धालु गंगा, गंडक, कोसी, सोन, बागमती और राज्य की अन्य नदियों के तट और तालाबों में छठ पूजा करेंगे। औरंगाबाद के प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर, नालंदा के ओंगारीधाम, भोजपुर के बेलाउर सूर्य मंदिर और राज्य के अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा कर रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के सभी एक सौ एक बुनियाद केंद्रों में एक महीने तक निःशुल्क नेत्र जांच होगी। इस दौरान एक लाख चश्मे वितरित किए जाएंगे। समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान आयोजित इस पहल की कल पटना में शुरूआत हुई। समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने बताया कि दृष्टि दोष से ग्रसित कोई

भी व्यक्ति टोल–फ्री नंबर– एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह दो छह दो पर कॉल करके नजदीकी शिविर की तिथि की जानकारी ले सकते हैं।

———————————————————————

विश्व जल दिवस पर बिहार को दो सम्मान मिले हैं। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड वॉटर डे कॉन्क्लेव में राज्य को सम्मानित किया गया। सिंचाई गणना परियोजनाओं से संबंधित सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिए जल संसाधन विभाग को सम्मानित किया गया। वहीं, योजना एवं विकास विभाग को भी जल संसाधन से संबंधित महत्वपूर्ण गणनाओं के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया है।

———————————————————————

राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा नहीं बल्कि व्यापक अर्थों यह हमारी सांस्कृतिक चेतना, मूल्यों और आदर्शों की रक्षा से भी जुड़ा है। श्री हसनैन छपरा में जय प्रकाश विश्विद्यालय में आयोजित भारतीय दर्शन परिषद के सत्तरवें राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

एकलव्य खेल प्रशिक्षण केंद्रों में नामांकन के लिए सत्ताईस मार्च से दस अप्रैल तक ट्रायल का आयोजन किया जायेगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरण ने बताया कि अलग–अलग सत्रह खेल विधाओं में बारह से चौदह वर्ष आयुवर्ग के बालक और बालिका खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जायेगा। ट्रायल की विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट और सभी सोशल मीडिया साइट पर उपलब्ध है।

———————————————————————

पटना के मालसलामी स्थित एक घर में जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर दस वाणिज्यिक समेत बत्तीस गैस सिलेंडर बरामद किया है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मकान मालिक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

पटनाके पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के अल्पना मार्केट के पास  अपराधियों ने एक फायनांस कंपनी के कर्मी से हथियार के बल पर बीस लाख लूट लिए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

पटना पुलिस ने कपड़ा धुलाई की एक कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर सौ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के आरोपी राहुल कालरा और उसकी पत्नी रुचिका कालरा को गिरफ्तार किया है। दोनों को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने ने बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक कांड के अभियुक्त प्रवीण कुमार सिन्हा को पटना के करबिगहिया से गिरफ्तार कर लिया है। वह विभिन्न पेपर लीक कांडों के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का सहयोगी है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– इंटर में पचासी दशमलव एक नौ प्रतिशत पास। छब्बीस टॉपर में बीस लड़कियां।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– जंग के असर से निपटने को कोरोना जैसी तैयारी जरूरी।

दैनिक जागरण ने समृद्धि यात्रा की खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– समर्थन देते रहिये, निरंतर विकास करता रहेगा बिहार, मुख्यमंत्री।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–ट्रम्प का युद्ध विराम, ईरान का इंकार।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– विश्व जल दिवस पर बिहार को मिला राष्ट्रीय सम्मान।

आज अखबार की सुर्खी है– मैट्रिक का परीक्षाफल एक सप्ताह में।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद देश में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है।

02 सीबीआई ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस सहित आठ लोगों पर भ्रष्टाचार के मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज की।

03. प्रयागराज के चंदापुर गांव स्थित एक कोल्ड स्टोरेज का अगला हिस्सा ढह जाने से सहरसा के तीन मजदूरों समेत चार लोगों की मौत। बिहार के तेरह मजदूर घायल।

04. और, महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।